हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार 16 जून 2026

11 कराटे में भिवानी और जींद जिले का रहा दबदबा



12 अंधड़ से बिजली सप्लाई अटकी-वाहनों के रुके ...



## खबर संक्षेप

### कादमा की दो छात्राएं एक साथ बैंक में पीओ नियुक्त

**बाढड़ा।** गांव कादमा की दो मेधावी बेटियों ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर बैंकिंग क्षेत्र में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गांव कादमा निवासी मंजू का चयन हरियाणा ग्रामीण बैंक में तथा प्रीति का चयन भारतीय स्टेट बैंक में पीओ के पद पर हुआ है। दोनों छात्राओं ने अपनी तैयारी गोल्डन लाइब्रेरी कादमा में रहकर की। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी का माहौल है तथा परिजनों, मित्रों और ग्रामीणों ने उन्हें बधाई दी है। गोल्डन लाइब्रेरी की चेयरमैन कविता ने दोनों छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं।

### रोजगार मेले में आठ को मिला ऑफर लेटर

**चरखी दादरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जनता कालेज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 8 युवाओं को नौकरी का ऑफर लेटर दिया गया है। जिला रोजगार अधिकारी शशी शर्मा ने बताया कि रोजगार मेले में सावरिया बायोटैक फर्टिलाइजर कंपनी भाग लिया। मेले में कुल 25 युवाओं में से आठ को विभिन्न पदों के लिए रोजगार के अवसर मिले।

### डिटेक्टिव स्टाफ ने चोरी के आरोपी को पकड़ा

**लोहारू।** डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने पुलिस अधीक्षक के निर्देशों की पालना करते हुए घर में घुसकर चोरी के करने के आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दस हजार रुपये की राशि भी बरामद की है। महाराणा प्रताप कॉलोनी निवासी रंजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि चोर ने घर में घुसकर नकदी पर हाथ साफ कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। उसी मामले में कार्रवाई करते हुए डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू के सहायक उप निरीक्षक जयवीर के नेतृत्व में पुलिस टीम लोहारू के दादरी मोड़ पर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के गुलाब के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

### नशा मुक्ति केंद्र में उपचार के दौरान युवक की मौत

**बहल।** बाजू गांव निवासी युवक वीरेंद्र की सादुलपुर कस्बे के एक नशा मुक्ति केंद्र में उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक के पिता रोशन लाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पुत्र वीरेंद्र को उपचार के लिए 10 जून को सादुलपुर स्थित नशामुक्ति केंद्र में भर्ती कराया गया था। 13 जून को उपचार के दौरान उसकील तबीयत अचानक बिगड़ गई। नशामुक्ति केंद्र से वीरेंद्र को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों को घटना की सूचना भगवानी देवी अस्पताल से फोन के माध्यम से मिली।

### पशुपालकों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

**चरखी दादरी।** केंद्र सरकार के 12 गौरवपूर्ण वर्ष पूरे होने पर मंगलवार 16 जून को लघु सचिवालय में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें जिला के किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा और प्राकृतिक खेती, पशु नस्ल सुधार, बागवानी व मत्स्यपालन को लेकर जानकारी भी मिलेगी। आयोजन को लेकर उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि इस सम्मेलन में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, बागवानी विभाग, पशुपालन विभाग व मत्स्यपालन विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाने के साथ साथ योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

---

## तीन साल से सीवर लाइन ठप्प, पड़ोस के खेतों से हो रहा आवागमन

# सीवर समस्या को लेकर धरने पर बैठे डाबर कॉलोनी निवासी

*जब तक समस्या का समाधान नहीं होता, तब तक रहेगा धरना जारी: पार्षद सुभाष*





भिवानी। पानी की निकासी की मांग को लेकर धरने पर बैठे लोग व डॉबर कॉलोनी की गलियों का दृश्य। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- पार्षद सुभाष तंवर व ठाकुर रणधीर सिंह की अगुवाई में क्षेत्र के लोग धरने पर बैठे

डाबर कॉलोनी में सीवर समस्या को लेकर क्षेत्र के लोगों का धर्य जवाब दे गया। उक्त समस्या को लेकर क्षेत्र लोग डॉबर कॉलोनी की 27 नम्बर गली के मुख्य द्वार के पास धरने पर बैठ गए।

इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का तर्क था कि पिछले तीन साल से उनके इलाके की सीवर लाइन ठप्प है। अधिकारियों से कई बार गुजारिश करने के बावजूद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। बाद में प्रदर्शनकारियों ने दी कि जब तक उनकी इस समस्या का समाधान नहीं होता। तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

सोमवार को नगरपरिषद के पार्षद सुभाष तंवर व ठाकुर रणधीर सिंह की अगुवाई में क्षेत्र के लोग धरने पर बैठ गए। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बताया कि गली संख्या 27 व उसके आसपास की सभी गलियों का गंदा पानी की निकासी के लिए बिछाई गई सीवर लाइन ठप्प है। जिस वजह से घरों से निकलने वाला गंदा पानी आगे जाने की बजाए गलियों में ही चक्कर लगाता रहता है। इस सीवर के मेनहोल की आज तक कोई सफाई नहीं हो पाई है।

### समाधान होने तक धरना रहेगा जारी

नगरपरिषद के पार्षद सुभाष तंवर ने बताया कि पिछले तीन साल से क्षेत्र के लोग नारकीय जीवन जीने पर मजबूर है। कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत की गई,लेकिन हर बार उनको आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। जिस वजह से क्षेत्र के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। उन्होंने बताया कि इसी मांग को लेकर आज सुबह से धरने पर बैठे है। अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे अनिश्चतकालीन आंदोलन चलाने पर मजबूर होंगे। इस मौके पर मातादीन, अशोक ,संदीप , सुमेर,कृष्ण सिंह, मनोज, दीपू , रमेश देवी,रोशनी देवी ने महिला व पुरुषों को संबोधित किया।

### कच्चे रास्ते से निकलना दूभर हो रहा

सीवर के मेनहोल उपर तक शिल्ट से भरे हुए है। घरों से थोड़ा सा पानी निकलता है तो वह पानी आगे बहने की बजाए सड़क व गलियों में फैल जाता है। गलियों में कहीं पर आधा तो कहीं पर एक फुट तक गंदा पानी जमा हो जाता है। गंदा पानी की वजह से लोग अपने घरों का रास्ता बदलने पर मजबूर है। उक्त इलाके की गलियों में गंदा पानी जमा होने की वजह से लोगों को आसपास के खेतों में से गुजरना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में स्थिति बहुत दयनीय हो जाती है। खेतों के कच्चे रास्ते से उनका निकलना दूभर हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस बारे में कई बार पब्लिक हेल्थ व जिला प्रशासन से शिकायत की गई,लेकिन आज तक उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। वे फिलहाल नारकीय जीवन जी रहे है।

---



भिवानी। मांगों को लेकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

# सेक्टर की समस्याओं को लेकर हुडा अधिकारी से मिला प्रतिनिधिमंडल

- पेयजल संकट और जलभराव के स्थायी समाधान के लिए संपदा अधिकारी हरबीर सिंह को दी चेतावनी, मिला आश्वासन
- 3 इंच की जगह बिछाई जाएं 4 इंच व्यास की पाइप लाइनें; अंतिम छोर तक पहुंचेगा पानी : विजय पंचगावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सेक्टर-13, न्यू हाउसिंग बोर्ड एवं ईडब्ल्यूएस क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही पेयजल, सीवरेज, जलभराव तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर सोमवार को क्षेत्रवासियों के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के संपदा अधिकारी हरबीर सिंह से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नप के पूर्व चेयरमैन विजय पंचगावा ने किया। 14 जून को सैक्टर-13 स्थित कम्युनिटी संटर में क्षेत्र के नागरिकों की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें क्षेत्र में व्याप्त पेयजल एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया था। बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्तावों एवं सुझावों के आधार पर यह मांग पत्र तैयार किया गया। प्रतिनिधिमंडल ने सम्पदा अधिकारी को अवगत कराया कि सैक्टर-13, न्यू हाउसिंग बोर्ड एवं ईडब्ल्यूएस क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति लंबे समय से गंभीर समस्या बनी हुई है। मांग पत्र में क्षेत्र की जलापूर्ति व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सेक्टर-13, न्यू हाउसिंग बोर्ड एवं ईडब्ल्यूएस क्षेत्र को तीन जोनों में विभाजित करने की मांग की गई।

### सफाई करवाएं

प्रतिनिधिमंडल ने बरसात के मौसम को देखते हुए जलभराव की संभावित समस्याओं की ओर भी ध्यान आकर्षित किया। मांग पत्र में कहा गया कि वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए तथा जिन क्षेत्रों में हर वर्ष जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है, वहां स्थाई समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। साथ ही लंबे समय से सीवर लाइनों की समुचित सफाई नहीं होने के कारण भविष्य में जलभराव एवं प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होने की आशंका व्यक्त करते हुए सभी सीवर लाइनों की विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई करवाने की मांग की गई।

### पाइप लाइनों का चौड़ीकरण किया जाए

इसके अतिरिक्त जिन क्षेत्रों में वर्तमान में 3 इंच व्यास की पानी की लाइनें बिछी हुई हैं, उनका सर्वे करवाकर कम से कम 4 इंच व्यास की पाइप लाइनें बिछाने की मांग रखी गई, ताकि अंतिम छोर तक रहने वाले नागरिकों को भी पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सके। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि वर्तमान जल भंडारण क्षमता क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप पर्याप्त नहीं है, इसलिए अतिरिक्त वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण करवाया जाना अत्यंत आवश्यक है। मांग पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि वाटर टैंकों के लिए स्थापित चारों बोरवेल नियमित रूप से चालू रखे जाएं। ताकि उपलब्ध जल स्त्रोतों का अधिकतम उपयोग किया जा सके। नागरिकों ने कहा कि प्रातःकालीन जलापूर्ति के समय यदि बिजली आपूर्ति बाधित होती है तो जनरेटर से सप्लाई दी जाए।

### समाधान का दिया भरोसा

सम्पदा अधिकारी हरबीर सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना तथा मांग पत्र में उल्लिखित बिंदुओं पर विभागीय स्तर पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पार्षद संदीप यादव, पार्षद सुर्या तंवर, सत्यवान हसान, करण सिंह गौठड़ा, ओमप्रकाश पोपली, शंकर आहुजा, कैप्टन राममेहर जांगड़ा, ओमप्रकाश भुक्कल, बलबीर गिरधर, एम.एस. सरोहा, हरज्ञान सिंह ग्रेवाल, सुरेश कुमार अरोड़ा पूर्व पार्षद, महेंद्र परूथी, पंकज गोयल, राकेश सेठी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

---

# कार्यकारी अभियंताओं के कार्यालयों पर किया प्रदर्शन

- अपनी मांगों को लेकर भिवानी में गरजी हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन
- कर्मचारियों के अधिकारों का हनन कर भविष्य से खिलवाड़ कर रही है सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

राज्य कमेटी के जोरदार आह्वान पर सोमवार को हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन (रजि. नं. 41) संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की विभिन्न शाखाओं—अर्धशहरी ब्रांच, शहरी ब्रांच और फील्ड ब्रांच के बैनर तले कर्मचारियों ने अपनी लंबित न्यायोचित मांगों को लेकर भिवानी में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के डिविजन नंबर एक और डिविजन नंबर 2 के कार्यकारी अभियंताओं के कार्यालयों पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। इस आक्रोश प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने अपनी 17 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन कार्यकारी अभियंताओं को प्रमुख अभियंता के नाम सौंपा।

### मांगों पर नहीं दिया जा रहा ध्यान

यूनियन के जिला प्रधान अनिल बागड़ी ने कड़े शब्दों में सरकार व विभागीय अधिकारियों की नीतियों की निंदा की। उन्होंने कहा कि सरकार और विभाग के मंत्रियों की नीतियां पूरी तरह से कर्मचारी और जनविरोधी हो चुकी हैं। कर्मचारियों के अधिकारों का लगातार हनन किया जा रहा है और बार-बार आश्वासन देने के बावजूद उनकी जायज मांगों को ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है। यदि सरकार ने समय रहते हमारी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया और उनका समाधान नहीं किया, तो यह आंदोलन और अधिक उग्र रूप धारण करेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कर्मचारी अब चुप बैठने वाले नहीं हैं। अपनी मांगों को मनवाने के लिए 4 जुलाई को सिंचाई विभाग मंत्री श्रुति चौधरी के भिवानी आवास का घेराव किया जाएगा तथा 18 को लोक निर्माण विभाग मंत्री रणबीर गंगवा के हिसार आवास का घेराव किया जाएगा।



भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

---

# नपा ने चलाया सफाई अभियान

- मानसून में होने वाले जलभराव को लेकर प्रशासन अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा नगर पालिका सफाई कर्मचारियों द्वारा नपा प्रधान सुंदर अत्री एवं नपा सचिव संदीप गर्ग के आह्वान पर शहर में गंदे पानी की निकासी के नालों की सफाई को लेकर अभियान चलाया। अनाज मंडी प्रधान सुखबीर भाकर ने बताया कि नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा शहर में नालों की सफाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानसून के आगमन से पहले नालों की सफाई कर जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है, ताकि बरसात के दौरान जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिल सके। सुखबीर भास्कर ने बताया कि नपा प्रधान व सचिव के आदेशों पर सफाई कर्मचारियों की टीम विभिन्न क्षेत्रों में नालों से गाद, कचरा और अन्य अवरोधों को हटाने का कार्य कर रही है।



बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा में नालों की सफाई करते हुए। फोटो: हरिभूमि

---

# युवा प्रतिभाओं को किया सम्मानित

- शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को युवा कल्याण संगठन ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

खरकड़ी माखवान निवासी होनहार छात्र दीपेश द्वारा जेईई मेंस परीक्षा में 99.45 प्रतिशत तथा ऑल इंडिया रैंक 8871 प्राप्त करने पर युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल प्रधान ने उन्हें सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही गांव के युवा खिलाड़ी राकेश को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित जूनियर भाला फेंक प्रतियोगिता में 18 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। युवा कल्याण संगठन ने उनकी इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कमल प्रधान ने कहा कि दीपेश और राकेश जैसे युवा समाज के लिए प्रेरणा हैं। एक ओर जहां दीपेश ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।



तोशाम। जेईई मेंस में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए।

### नशा गंभीर चुनौती

कमल प्रधान ने कहा कि युवा कल्याण संगठन खेल और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करने तथा उनके हर संभव सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। संगठन का उद्देश्य युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करना और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। युवा कल्याण संगठन नशे के खिलाफ लगातार संघर्षरत कर लोगों को जागरूक कर रहा है।

---



लोहारू। बरसात के दौरान मुख्य बाजार से गुजरते वाहन। फोटो: हरिभूमि

### दोपहर बाद जमकर बरसे बदरा, गर्मी से मिली राहत

**लोहारू।** सोमवार दोपहर बाद मौसम में परिवर्तन के साथ करीब एक घंटे तक हुई झमाझम बरसात ने लोगों को गर्मी से राहत प्रदान की। बता दें कि दो दिनों से लोहारू और आसपास के इलाके में उमस भरी गर्मी के कारण लोग खासे परेशान थे। सोमवार को दोपहर बाद मौसम में परिवर्तन हुआ और आसमान में तेज आंधी के बाद घनघोर घटाएं छा गई। करीब एक घंटे तक शहर और आसपास के इलाके में झमाझम बरसात हुई। बरसात के कारण जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली तथा तापमान में करीब तीन से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई वहीं शहर के माता चौक, चौ देवीलाल चौक लोक निर्माण विश्राम गृह के सामने एक बार फिर तालाब जैसे हालात हो गए। शहर के लोगों ने प्रशासन से आगामी बरसाती सीजन को ध्यान में रखते हुए जल निकासी व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने की मांग की है।

---

## पेयजल बर्बादी पर विभाग सख्त, आरोपियों के कटेंगे कनेक्शन

# हसान में 13 अवैध कनेक्शन काटे, 19 को थमाए नोटिस

- गर्मी में बढ़ती पेयजल किल्लत को लेकर चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

एसडीएम संदीप कुमार के कुशल मार्गदर्शन में गर्मी के मौसम में बढ़ती पेयजल किल्लत के बीच जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग डिवीजन तोशाम अब पूरी तरह सख्त नजर आ रहा है। जहां एक और लोग बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान है वही दूसरी और कुछ लोग अवैध कनेक्शन और खुले नल चलाकर पानी की बर्बादी कर रहे हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध सोमवार को गांव हसान में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अंभियता विकास धनखड़ के दिशानिर्देश पर उप मंडल अभियंता विक्रम सिंह पूनिया व कनिष्ठ अभियंता योगेन्द्र जाखड़ के नेतृत्व में जल घर हसान टीम सहित कर्मचारियों के सहयोग से पहले दिन खबर लिखें जाने तक मैन लाइन से 13 अवैध पेयजल कनेक्शन काटे गए है। जबकि पानी की मैन लाईन में लगे अवैध 19 लोगों को नोटिस व पानी की बर्बादी करने वाले उपभोक्ताओं को चेतावनी दी गई। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इन सभी उपभोक्ताओं को 6 जून को विभाग द्वारा नोटिस देकर सचेत कर दिया गया था कि अवैध कनेक्शन मैन लाइन से हटा ले अन्यथा विभागीय कार्यवाही की जाएगी।



### डोर टू डोर चलाया जल सरक्षण अभियान

गांव हसान में लगातार दो सप्ताह तक डोर टू डोर जल सरक्षण अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया। इस दौरान व्यर्थ पानी बहाने वाले लोगों की लिस्ट तैयार की गई और नल पर टोटीं लगाने के लिए प्रेरित किया। जल घर हसान समय सारणी ग्रुप बनाकर ग्रामीणों को जोड़ा गया। जिसके माध्यम से पानी चलने के बारे में जानकारी मिलती रहतीं है ताकि पानी की बर्बादी ना हो। जिसके लिए ग्रामीण पानी आने से पहले सचेत रहें। इस दौरान कर्मचारी संदीप गौड़,राजेश, प्रदीप,प्रीतम सिहं, अनिल कुमार,नरेश, सत्यवान, बलबीर, प्रवेन्द्र,मनबीर, विनोद आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
# सहेली



विशेष
पिता दिवस-योग दिवस
21 जून

# पिता अब छिपी-छिपी नहीं रही प्रेम की अभिव्यक्ति

एक समय था, पिता की छवि एक सख्त व्यक्ति की होती थी, ऐसा भी नहीं था कि वे अपने बच्चों से स्नेह-प्रेम नहीं करते थे, करते थे लेकिन अभिव्यक्त नहीं करते थे। इस कारण बच्चों और पिता के बीच रिश्तों में वह ऊष्मा नजर नहीं आती थी, जो होनी चाहिए। लेकिन आज पिता अपने बच्चों के साथ अपने रिश्तों को अभिव्यक्त कर रहे हैं। बेटियों के साथ तो उनके रिश्तों के रंग बहुत ही अलग हैं।

आवरण कथा

कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

मां का प्रेम-स्नेह अकसर शब्दों और स्पर्शों में सहज ही दिखाई देता है, जबकि पिता अपने प्रेम को व्यक्त नहीं कर पाते। पीढ़ी-दर-पीढ़ी उन्होंने अपने पिता को मौन रहकर जिम्मेदारियां निभाते देखा, इसलिए वे भी अपने प्रेम को त्याग और कर्तव्य के पीछे छिपाते रहे। पिता हर संघर्ष का चुपचाप सामना करते हुए परिवार की सुरक्षा-स्थिरता का आधार बने रहे। पिता की इस छवि को गढ़ने की जिम्मेदारी केवल समाज की नहीं, परिवार की स्त्रियों की भी रही। आखिर हर पिता पहले एक बेटा होता है, उसे पिता बनने का कोई औपचारिक पाठ नहीं पढ़ाया जाता। वह अपने आस-पास के व्यवहारों, संकेतों और अपेक्षाओं से सीखता रहा। बचपन से अपनी मां, दादी, बुआ, मौसी और नानी से उसे मजबूत बने रहने, कमजोरी न दिखाने और भावनाओं पर नियंत्रण रखने की सीख दी जाती रही। कोमलता और कठोरता के बीच एक अदृश्य रेखा खींच दी गई। पिता से अपेक्षा की गई कि वह घर की जिम्मेदारियां उठाए, कठिन परिस्थितियों में संयम बनाए रखे और हर संकट में अडिग खड़ा रहे। नतीजा यह हुआ ये बातें समय के साथ उसके स्वभाव का हिस्सा बन गईं। पिता अपनी संतान से प्रेम तो करता रहा, पर उसे व्यक्त करने में संकोच करता।

## पिता की परंपरागत छवि

पुरानी पीढ़ी के परिवारों में पिता का व्यक्तित्व अनुशासन का पर्याय माना जाता था। उनकी मौजूदगी भर से घर का माहौल बदल जाता था। बच्चे उनसे डरते थे, लेकिन एक भरोसा भी करते थे। वे बच्चों के साथ बैठकर लंबी बातचीत भले न करते हों, लेकिन उनकी पढ़ाई, भविष्य को लेकर लगातार सजग रहते थे। अपने संघर्षों का बोझ परिवार पर डालने के बजाय पिता उसे स्वयं ही उठाते रहे। कई लोगों की स्मृतियों में पिता ऐसे व्यक्ति के रूप में बसे हैं, जिन्होंने उनके लिए हर संभव प्रयास किया, लेकिन शायद ही कभी सिर पर हाथ रखकर पूछा हो, 'तुम खुश तो हो बेटा?' यह अभाव हमेशा बच्चों के मन में शिकायत नहीं बनता, फिर भी किसी कोने में बना रहता है। बच्चे उनके स्नेह को शब्दों में नहीं, कर्मों में पढ़ना जानते थे-फीस भर देने में, देर रात तक काम करते रहने में, बीमारी के दौरान सिरहाने बैठे रहने में या अपनी इच्छाओं को पीछे रख देने में। दरअसल, पुरुषों की कई पीढ़ियां ऐसे वातावरण में बड़ी हुईं, जहां कोमलता को मान नहीं मिलता था। उन्हें बताया गया कि भावुक होना एक कमजोरी है। आंसू छिपाने हैं, डर प्रकट नहीं करना है, मन की बात अपने भीतर रखनी है। यही कारण है कि अनेक पिता अपने बच्चों के सामने सहज नहीं हो पाए। उन्होंने अपने लगाव को जिम्मेदारियों में ढाल दिया।



## तोड़ी है परंपरागत छवि

आज समय बदल चुका है, उसके साथ रिश्तों की भाषा भी बदली है। आज पितृत्व के स्वरूप में परिवर्तन दिखाई देने लगा है। यह परिवर्तन हर जगह एक जैसा नहीं है, लेकिन उसकी मौजूदगी से इंकार नहीं किया जा सकता। अब पिता केवल बच्चों के भविष्य की चिंता भर नहीं करते, वे उनके वर्तमान का भी हिस्सा बनते हैं। पिता यह जानना चाहते हैं कि उनका बच्चा क्या सोचता है, किस बात से डरता है, किस बात पर खुश होता है? नई पीढ़ी के पिता बच्चों से खुलकर बातचीत करते हैं। वे उनके साथ खेलते हैं, उनकी बातें सुनते हैं, उनकी दुनिया को समझने का प्रयास करते हैं। आज के पिता यह सोचते हैं कि केवल सुविधाएं जुटा देना पर्याप्त नहीं है। बच्चों को समय चाहिए, भरोसा चाहिए और ऐसा साथ चाहिए, जहां वे बिना झिझक अपने मन की बात कह सकें।




## अलग रंग लिए है पिता-बेटी का रिश्ता

पिता और बेटी का रिश्ता परिवार के अन्य रिश्तों से कुछ अलग रंग लिए होता है। बेटी अपने पिता के माध्यम से दुनिया के पुरुष समाज को देखना और समझना शुरू करती है। उसके भीतर आत्म-सम्मान, सुरक्षा और अपने अस्तित्व के मूल्य का जो पहला बोध बनता है, उसमें पिता की भूमिका अहम होती है। एक पिता अपनी बेटी के साथ जैसा व्यवहार करता है, वह उसके आत्मविश्वास, संबंधों और जीवन दृष्टि को गहराई से प्रभावित करता है। शायद यही कारण है कि अब बेटियों को पापा की परी कहा जाता है। बहुत-सी बेटियों के लिए पिता केवल अभिभावक भर नहीं, बल्कि ऐसे इंसान हैं, जिन पर वे सबसे ज्यादा भरोसा करती हैं। कई बार वे अपने मन की वो बातें भी पिता से कह देती हैं, जिन्हें कहना सहज नहीं है। दूसरी ओर पिता भी अब तमाम परंपरागत अवधारणाओं से उबर कर अपनी बेटियों के प्रति कोमल भाव संजोए दिखते हैं। उन्हें अपनी बेटी की इच्छाओं को पूरा करने में खुशी मिलती है, उनकी उपलब्धियों पर वे गर्व से भर उठते हैं। बदलते हुए इस दौर में आज के पिता बेटियों को संरक्षण देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्हें अपना स्वतंत्र व्यक्तित्व गढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। आज के दौर में पिता को यह भी समझ में आ गया है कि दुनिया केवल अनुशासन से नहीं, प्रेम और संवेदनाओं से भी फलती-फूलती है। ❁

समाज समयानुकूल बदल रहा है। पिता भी अपनी परंपरागत छवि से उबरे हैं। लेकिन वह वास्तव में कितने बदले हैं, उनका बदलना कितना जरूरी है, एक विवेचन।


# वास्तव में कितने बदले हैं आज के पिता

बदलाव
अलका 'सोनी'



भारत सहित दुनिया भर में पिता की भूमिका तेजी से बदल रही है। पहले जहां 'अच्छा पिता' वही माना जाता था, जो आर्थिक रूप से परिवार को सुरक्षित रखे, वहीं आज अच्छा पिता वो है, जो बच्चों के साथ समय बिताए, भावनात्मक रूप से उन्हें सपोर्ट करे। यूनिसेफ और कई पारिवारिक अध्ययन बताते हैं कि जिन बच्चों के जीवन में पिता सक्रिय रूप से शामिल होते हैं, उनमें आत्मविश्वास, सामाजिक कौशल और मानसिक संतुलन बेहतर पाया जाता है। आज सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी 'हैंड्स-ऑन डैड' की छवि तेजी से उभर रही है। वे अपने बच्चे को खाना खिलाते हुए, स्कूल के लिए तैयार करते हुए, उनके साथ खेलते हुए दिखते हैं, आज ये पिताओं के सामान्य दृश्य बनते जा रहे हैं।

**क्यों जरूरी है इमोशनल फादरहुड:** पैरेंटिंग एक्सपर्ट्स का कहना है कि केवल आर्थिक सुरक्षा बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए पर्याप्त नहीं होती है, भावनात्मक सुरक्षा भी जरूरी है। आज की तेज और डिजिटल दुनिया में बच्चे कई मानसिक दबावों से गुजर रहे हैं, जैसे पढ़ाई का तनाव, सोशल मीडिया का प्रभाव, अकेलापन और प्रतिस्पर्धा। ऐसे समय में यदि पिता बच्चों के साथ खुलकर बातचीत करते हैं, उनकी बात सुनते हैं और भावनात्मक समर्थन देते हैं, तो बच्चे अधिक मजबूत बनते हैं। एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में पाया गया कि जिन बच्चों के पिता नियमित रूप से उनके साथ समय बिताते हैं, उनमें व्यवहार संबंधी समस्याएं कम होती हैं, पढ़ाई में आत्मविश्वास अधिक होता है।



**भारतीय समाज कितना बदला:** हालांकि बदलाव साफ दिखाई दे रहा है, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि भारतीय समाज अभी संक्रमण के दौर में है। कई परिवारों में आज भी यह धारणा मौजूद है कि बच्चों की देखभाल मुख्यतः मां की जिम्मेदारी है। ग्रामीण और छोटे शहरों में अभी भी ऐसे पिता कम दिखाई देते हैं, जो खुलकर भावनात्मक जुड़ाव दिखाते हों। 'मर्द को दर्द नहीं होता' जैसी सोच पुरुषों को अपनी भावनाएं व्यक्त करने से रोकती हैं। इसके अलावा लंबे कार्य घंटे, नौकरी का दबाव और डिजिटल व्यस्तता, कई पिताओं को बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने से दूर कर देते हैं। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि बच्चों के साथ समय बिताने के लिए हमेशा घंटों की जरूरत नहीं होती। यदि पिता रोज कुछ समय पूरी ईमानदारी से बच्चों के साथ बातचीत करें, तो यह रिश्ता गहरा बन सकता है।

विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि पिता यदि घर के छोटे कामों और बच्चों की देखभाल में भाग लेते हैं, तो बच्चे लैंगिक समानता भी सीखते हैं। यह बदलाव केवल परिवारों को नहीं, बल्कि पूरे समाज को अधिक संवेदनशील बना सकता है। क्योंकि जिन बच्चों को बचपन में भावनात्मक सुरक्षा मिलती है, वे बड़े होकर अधिक आत्मविश्वासी और सहानुभूतिपूर्ण इंसान बनते हैं। ❁

### पिता का 'परफेक्ट' नहीं 'उपलब्ध' होना जरूरी

**पैरेंटिंग एक्सपट्र्स** के अनुसार अच्छे पिता बनने के लिए 'परफेक्ट' होना जरूरी नहीं, 'उपलब्ध' होना जरूरी है। जैसे कि-

- बच्चों की बात बिना टोके सुनें।
- बतौर पिता आप हर दिन कुछ समय केवल अपने बच्चों के लिए जरूर निकालें।
- डांट के बजाय संवाद को प्राथमिकता दें।
- बच्चों की छोटी उपलब्धियों की भी सराहना करें।
- अपनी भावनाएं व्यक्त करने से न हिचकें।
- स्क्रीन टाइम कम करके फैमिली टाइम बढ़ाएं।

स्पेशलः इंटरनेशनल डोमेस्टिक वर्कर्स-डे, 16 जून

डोमेस्टिक हेल्पर यानी घरेलू सहायक रखने से पहले इनकी पुलिस वेरिफिकेशन बहुत जरूरी है। यह सिर्फ आपकी सुरक्षा के लिए ही नहीं, डोमेस्टिक हेल्पर की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। साथ ही इन्हें इसके कई फायदे भी मिल सकते हैं। डोमेस्टिक हेल्पर रखते हुए किन बातों की सावधानियां रखें, बहुत ही जरूरी जानकारी।

# डोमेस्टिक हेल्पर रखने से पहले जरूर बरतें कुछ सावधानियां

अवेयरनेस
डॉ. मोनिका शर्मा



घरेलू काम में मदद की बात हो या बच्चों-बुजुर्गों की देखभाल। अब अधिकतर शहरी परिवारों में डोमेस्टिक हेल्पर (घरेलू सहायक/कामगार) या मेड रखने का चलन है।

**रखते वक्त रहें सतर्क:** घरेलू सहायकों को रखते समय बेहद सतर्क रहने की जरूरत होती है, क्योंकि आए दिन कई खतरनाक और दुःखद घटनाएं सुनाई देती हैं। इसलिए कानूनी नियमों से लेकर डोमेस्टिक हेल्पर के व्यवहार और नागरिकता तक कई पहलुओं पर सही जानकारी लेने की दरकार है। पूरी और सही इंफॉर्मेशन आपकी और आपके परिवार की सुरक्षा से जुड़ी होती है। साथ ही आपकी यह सजगता डोमेस्टिक हेल्पर को एजेंसियों के शोषण और दूसरे कई तरह के डर और अनिश्चितता से भी बचाती है।



**वेरिफिकेशन है जरूरी:** आमजन में अवेयरनेस लाने के प्रयासों के बावजूद कई लोग बिना वेरिफिकेशन, घरेलू कामगार रखते हैं। ऐसे में किसी अनहोनी होने की स्थिति में घरेलू कामगार से जुड़ी सही जानकारी जुटाना मुश्किल हो जाता है। इसीलिए काम पर रखने से पहले लोकल पुलिस स्टेशन में हेल्पर की पुलिस वेरिफिकेशन करवाना न भूलें। जरूरी डॉक्यूमेंट्स जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि की कॉपी भी घरेलू कामगार से मांगें। अपनी मेड, ड्राइवर, कुक, केयर टेकर, बेबी सिटर, माली आदि के इन कागजों को आपका अपने पास रखना बहुत जरूरी है। इस औपचारिकता को परेशानी मानने के बजाय पुलिस स्टेशन जाकर प्रक्रिया पूरी करने की राह चुनें। याद रखें, किसी डोमेस्टिक हेल्पर का अपनी पहचान छुपाकर आपके यहां काम करना, आपके परिवार के साथ ही सोशल, नेशनल सिक्योरिटी से जुड़ा विषय भी है। भविष्य में कोई अनहोनी होने पर बिना वेरिफिकेशन वाले कामगार को रखने के लिए आप भी कानूनी मुश्किल में पड़ सकते हैं।

**सजग रहें-सुरक्षित रहें:** घरेलू कामगार को सम्मान जरूर दें पर व्यवहार को गंभीरता से समझें। उनकी बातों में किसी तरह का बदलाव दिखे तो सचेत हो जाएं। खासकर बिना कोई स्पष्ट कारण बताए छुट्टी लेना, छुपकर फोन पर बतियाना, अपने जानकारों को मिलने बुलाना और अपनी जिंदगी के बारे में हर बार नई बात बताना। ऐसे मामलों में बरती गई सजगता आपको किसी बड़े संकट से बचा सकती है। आपकी सोसाइटी के दूसरे घरों में उसके काम करने के बारे में भी जानकारी लें। उसके फैमिली मेंबर का कॉन्टेक्ट नंबर और घर का पता भी आपके पास होना चाहिए।

**उनकी सुरक्षा और लाभ के लिए भी जरूरी है वेरिफिकेशन:** एंप्लॉयर द्वारा की गई कानूनी औपचारिकताएं खुद घरेलू कामगारों की सुरक्षा से भी जुड़ी होती है। नियमानुसार काम मिलने पर उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्हें एजेंसीज या एजेंट्स का कोई भय नहीं रहता। उनसे जुड़ी सही जानकारी लेने से बीमारी या किसी परेशानी के समय उनके परिवार को सूचित किया जा सकता है। ❁



# बच्चों के लिए योग से जुड़ी जरूरी बातें

बच्चों के शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग बहुत जरूरी है। बच्चों को किस उम्र से योग का प्रशिक्षण दिया जाए, उन्हें कितनी देर तक योगाभ्यास करना चाहिए? जानिए, योग प्रशिक्षक से।

बच्चे और योग
अजेश कुमार

योग बच्चों के शारीरिक-मानसिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी होता है। बच्चों को योग सिखाने की सही उम्र क्या है, उन्हें कितनी देर तक योगाभ्यास करना चाहिए, यह जानना जरूरी है। मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान के पूर्व योगाचार्य **उदय जी** के अनुसार, 'अगर आपका बच्चा अभी तक योग नहीं करता है, तो उसे जल्द से जल्द योग सिखाना शुरू करें। योग से बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होते हैं। यह उनकी एकाग्रता, लचीलापन और सहनशक्ति को बढ़ाता है। छोटी उम्र से योग करने से बच्चे जीवन भर स्वस्थ रहते हैं।' उदय जी ने बच्चों को योग सीखने से जुड़ी कुछ जरूरी बातें बताईं, आप भी इनके बारे में जानिए।



**सही उम्र:** बच्चों को योग सिखाने की सही उम्र 4-5 साल मानी जाती है। इस उम्र में बच्चे आसानी से योग की बुनियादी मुद्राएं सीख सकते हैं।

**योग कितनी देर करें:** शुरुआत में बच्चों को 10-15 मिनट तक योग कराना चाहिए। धीरे-धीरे इस समय को बढ़ाकर 20-30 मिनट किया जा सकता है। बच्चों के लिए रोजाना योग करना अच्छा होता है, लेकिन अगर वे हर दिन योग नहीं कर पाते हैं तो सप्ताह में 3-4 दिन भी योग करना पर्याप्त है।

**योग के फायदे:** योग से बच्चों का शारीरिक विकास बेहतर ढंग से होता है। उनकी मांसपेशियां मजबूत होती हैं, शरीर में लचीलापन बढ़ता है। योग से ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ती है, मानसिक शांति भी मिलती है। ध्यान केंद्रित होने से बच्चों की पठन-पाठन क्षमता बढ़ती है।

**इन बातों का रखें ध्यान:** शुरुआत में बच्चों को सरल और आसान योग मुद्राएं सिखाएं। बच्चों के लिए योग को मजेदार बनाएं ताकि वे इसे खुशी-खुशी करें। छोटे बच्चों के लिए योग को खेल के रूप में सिखाना चाहिए, जिससे वे इसे आसानी से और मजे से कर सकें। खेल-खेल में योग करने से बच्चों को आनंद मिलता है, वे आसानी से योग की ओर आकर्षित होते हैं। ❁

स्टार फिटनेस

बढ़ती उम्र में, वर्क स्ट्रेस में भी योग कैसे फिट और एनर्जेटिक बनाए रखता है, बता रही हैं एक्ट्रेस करीना कपूर खान और आलिया भट्ट।

# योग ने दी हेल्दी लाइफ

### मेरे लिए योग सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं, खुद की देखभाल का नायाब तरीका है
करीना कपूर खान

**मैं तो** यही कहूंगी कि अगर आपकी जिंदगी में योगासन का साथ है तो आप सही दिशा की तरफ चल रही हैं, क्योंकि योग ही एक ऐसी प्रक्रिया है, जो आपके बिखरे हुए लाइफस्टाइल को सही दिशा में ले जाता है। अगर मैं अपनी जिंदगी में योग की अहमियत की बात करूं तो योगासन मेरी भाग-दौड़ भरी जिंदगी में शांति और एकाग्रता का सुख लाता है। मेरे हिसाब से योग ऐसा तरीका है, जो सिर्फ शारीरिक फिटनेस नहीं बल्कि मन, शरीर, हृदय के बीच संतुलन बनाए रखने का काम भी करता है। मैंने अपने एक्टिंग करियर में एक फिल्म में किरदार को निभाने के लिए जीरो फिगर बनाने का जोखिम उठाया था। एक खाती-पीती लड़की के लिए, जो फिल्मों में आने से पहले थोड़ा मोटी भी थी, उसके लिए जीरो फिगर बनाना आसान नहीं था। लिहाजा जीरो फिगर तक पहुंचने के बाद मुझे कुछ शारीरिक कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ा, लेकिन जब से मैंने प्रतिदिन योग को अपनी जिंदगी में शामिल कर लिया, इससे मुझे न सिर्फ मानसिक शांति मिली, शारीरिक परेशानियां भी दूर हुईं। मेरे लिए योग सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं है, खुद की देखभाल का नायाब तरीका भी है। सच कहूं तो योग में कई ऐसे प्रकार होते हैं, जो आपको न सिर्फ अच्छा महसूस कराते हैं, बल्कि आप एक आत्म दृढ़ता भी महसूस करती हैं। योग दिवस के अवसर पर मैं यही कहना चाहूंगी, योगासन को स्कूल कॉलेज में भी शामिल किया जाना चाहिए। बच्चों को भी बचपन से ही मजबूत बनाने की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए। ❁



### योग से सिर्फ हेल्थ ही ठीक नहीं रहती पर्सनालिटी भी निखरती है
आलिया भट्ट

**अपने एक्टिंग** करियर में बहुत ज्यादा बिजी रहने की वजह से मुझे कुछ हेल्थ इश्यूज होने लगे थे, जिसकी वजह से मेरी लाइफ बहुत डिस्टर्ब हो रही थी। इसी दौरान मैंने पावर योगा और योगा की कुछ बेहतरीन टेक्नीक्स के बारे में सुना। लगा कि मुझे भी योगासन शुरू करना चाहिए। जब मैंने रेग्युलर योग करना शुरू किया तो मुझे एहसास हुआ कि योगासन एक इंसान के जीवन को पूरी तरह बदलने की कैपेसिटी रखता है। सच कहूं तो जब आप रेग्युलर योग करती हैं तो सिर्फ आपकी हेल्थ ही ठीक नहीं रहती, आपकी पर्सनालिटी में भी निखार आता है। रोज योग करने से आप अपने आप को खुश और फ्रेश महसूस करती हैं। बता दूं, फिल्मों में आने से पहले मैं बहुत मोटी थी, उस वक्त मेरा वजन 67 से 70 किलो के बीच था। फिल्मों में आने के बाद जब मैंने क्रैश डाइट और ज्यादा एक्सरसाइज की तो मुझे हेल्थ इश्यू होने लगे थे। लेकिन जब से मैंने योग करना शुरू किया है, तब से मैं अंदरूनी तौर पर अपने आप को स्वस्थ और तरोताजा महसूस करने लगी। योग के अलग-अलग फॉर्म्स से बहुत फायदे हुए। जैसे मेडिटेशन से मानसिक तौर पर शांति महसूस करती हूं। सच कहूं तो अपनी बिजी लाइफ में फिट और फाइन रहने के लिए मुझे योग नामक गुरु मंत्र मिल गया है। मैं तो सभी से कहना चाहूंगी कि आपकी जिंदगी आपकी अपनी है। आप जैसे चाहें वैसे जिएं, लेकिन अगर आपने योगासन को अपनी जिंदगी का हिस्सा बना लिया तो आप अपने जीवन में कई सारे अच्छे बदलाव महसूस करेंगी, जैसा मैं महसूस करती हूं। ❁



प्रस्तुतिः आरती सक्सेना

# भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में राहत देने के लिए राहगीरों को पिलाए ठंडे पेय पदार्थ

## सोमवती अमावस्या के उपलक्ष्य में 108 नारियल के साथ हवन किया, दूर-दराज से आए लोगों ने घी की आहूति डालकर मंगल कामना की

### नींबू, पुदीना व देसी खांड का ठंडा पानी पिलाया



**भिवानी।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के इस दौर में जहां आम जनमानस बेहाल है, वहीं भिवानी में मानवता और जनसेवा की बेहद सुंदर और प्रेरणादायी तस्वीर सामने आई। सोमवार को चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल के मुख्य द्वार के बाहर सैनी कल्याण परिषद द्वारा प्रधान भूप सिंह सैनी की अगुवाई में मरीजों और उनके साथ आए परिजनों के लिए ठंडे और स्वास्थ्यवर्धक पानी की विशेष छबील लगाई गई। अस्पताल आने वाले अनेक मरीजों व उनके परिजनों ने शरबत से अपनी प्यास बुझाई और संस्था के इस प्रयास की सराहना की। सैनी कल्याण परिषद ने इस जलसेवा में विशेष रूप से नींबू, पुदीना और जलजीरा का मिश्रण तैयार कर पिलाया।

### धार्मिक स्थल ढाणी कलर देवराला में हवन



**तोशाम।** धार्मिक स्थल ढाणी कलर नजदीक देवराला स्थित मां दुर्गा शक्ति धाम मानव सेवा समिति ने सोमवती अमावस्या के उपलक्ष्य में 108 नारियल के साथ हवन किया गया। दूर दराज से आए लोगों ने घी की आहूति डालकर मंगल कामना की। वही समिति ने मीठा शरबत की छबील लगाकर लोगों को भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाई। मानव सेवा समिति के संस्थापक बीर सिंह भैया ने बताया कि मीठे जल की छबील लगाना पुण्य का कार्य है। यह न केवल धार्मिक भावना से जुड़ा है, बल्कि मानवीय सेवा का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि आत्मिक शुद्धि के साथ-साथ दूसरों की सेवा का भी संदेश देता है। रविवार को भंडारा लगाया और सैकड़ों लोगों ने प्रसाद को ग्रहण किया। ऐसे धार्मिक भावना से ओत प्रोत पुण्य कार्य प्रतिदिन होते है।

### श्रद्धालुओं ने किया मीठे जल का वितरण



**बवानीखेड़ा।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर समाजसेवी हेमंत महता की अगुवाई में रमन टुटेजा, पियुष महता, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा हेमंत कंफेक्शनरी व वीके फोटो स्टेट के सामने मीठे व जलजीरा के शुद्ध जल की छबील लगाकर राहगीरों को शीतल पेयजल वितरित किया गया। भीषण गर्मी के बीच लगाए गए सेवा शिविरों में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानव सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने राहगीरों को मीठा जल, शरबत तथा ठंडा पेयजल वितरित किया।

### राधा स्वामी के अनुयायियों ने लगाई छबील



**चरखी दादरी।** वीरों की नगरी दादरी की पावन धरा पर मानवता और निःस्वार्थ सेवा का अनुपम उदाहरण देखने को मिला। चरखी दादरी के गाव भैरवी में राधा स्वामी सत्संग भवन दिनोद द्वारा राहगीरों और श्रद्धालुओं को भीषण तपिश से राहत दिलाने के लिए गत 27 मई से शुरू किया ठंडे व मीठे पानी की छबील सेवा अभियान का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह परोपकारी अभियान पूरी तरह से राधा स्वामी सत्संग भवन दिनोद के पूज्य सतगुरू कंवर साहेब महाराज की पावन शिक्षाओं को समर्पित रहा। संत कंवर साहेब हमेशा से ही जीवों पर दया करने, भूखे को अन्न और प्यासे को पानी पिलाने जैसी परमार्थ की राह दिखाते हैं। उन्हीं के वचनों और आदर्शों पर चलते हुए सेवादारों ने पुनीत कार्य का बीड़ा उठाया।

## विजेताओं को साइकिल, स्मार्ट वॉच और स्पोर्ट्स बैग देकर किया सम्मानित

# कराटे में भिवानी और जींद जिले का रहा दबदबा, सबसे ज्यादा जीते इनाम





**भिवानी।** कराटे चैंपियनशिप के विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। कराटे चैंपियनशिप में एक–दूसरे पर दाव पेज आजमाते खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

- बेस्ट ऑफ बेस्ट ओपन कराटे प्रतियोगिता संपन्न, पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

नई अनाजमंडी स्थित जनसेवा सदन में भिवानी कराटे एकेडमी एवं डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय बेस्ट ऑफ बेस्ट ओपन कराटे चैंपियनशिप का सफलतापूर्वक समापन हुआ। चैंपियनशिप के समापन समारोह का मुख्य आकर्षण विजेता खिलाड़ियों का सम्मान रहा, जिन्हें उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए साइकिल, स्मार्टवॉच और स्पोर्ट्स बैग प्रदान कर पुरस्कृत किया। पुरस्कार पाकर खिलाडियों के चेहरे खिल उठे। समारोह में बतौर अतिथियों में श्यामलाल मंडीवाले, सरिता अग्रवाल, डॉ. नरेंद्र मोर, एईओ जींद मुनीत बेरवाल, रोहित वर्मा, संतोष देवी फाउंडर भिवानी कराटे एसोसिएशन, डॉ. शैंकी अग्रवाल तथा इंडिया नेशनल कोच भरत यादव शामिल रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर भिवानी कराटे एसो. के फाउंडर बीरेंद्र जालंधरा को भी याद किया। जिला खेल अधिकारी विद्यानंद यादव व चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने कहा कि भिवानी जिला अब अन्य खेलों के साथ साथ कराटे में भी बुलंदिया छू रहा है।

### ये रहे मौजूद

चैंपियनशिप के अंतिम दिन सीनियर वर्ग के मुकाबले विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। चैंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्यतिथि के तौर पर बवानीखेड़ा से भाजपा विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसी के साथ जिला खेल अधिकारी विद्यानंद यादव, चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह, जयप्रकाश, कृष्ण सिंगरोहा, राजेश तक्षक फौजी, देवेंद्र गोयत, भूरू प्रधान, हंसराज, सनी लाडवाल, नरेंद्र, अजीत, संदीप, नितिन, विनोद मुवाल, राहुल शर्मा व दीपक घणघस आदि मौजूद रहे।

# ग्रीन समर कैंप में बच्चों ने सीखे योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के मंत्र

- ग्रीन समर कैंप ने योग, व्यायाम एवं खेलों से दिया स्वस्थ जीवन का संदेश
- सूर्य नमस्कार और अनुलोम-विलोम के माध्यम से बच्चों को स्वास्थ्य का पाठ पढ़ाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय घुसकानी में शिक्षा विभाग हरियाणा के तत्वावधान में यूथ एंड इको क्लब फॉर मिशन लाइफ कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीन समर कैंप का आयोजन किया, जिसमें कक्षा छठी से दसवीं के छात्र छात्राओं ने कैंप के दूसरे दिन योग एवं स्वस्थ जीवनशैली विषय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया।

फालसा यूथ एंड इको क्लब के नोडल अधिकारी एवं ग्रीन समर कैंप के आयोजक पीटीआई विनोद पिंकू ने बच्चों को योग, खेल, व्यायाम तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पिंकू ने कहा कि हमारा स्वास्थ्य काफी हद तक हमारी दैनिक दिनचर्या, खान-पान और जीवनशैली पर निर्भर करता है। स्वस्थ रहने के लिए संतुलित भोजन करना, पर्याप्त मात्रा में पानी पीना तथा प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा योग करना चाहिए।

### शहीद प्रतिमा का अनावरण 19 जून को

**नारनौल।** ग्राम पंचायत बूचोली की ओर से गांव के शहीद की स्मृति में निर्मित स्मारक स्थल व उनकी भव्य प्रतिमा का अनावरण 19 जून को होगा। कार्यक्रम में सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, अलवर के विधायक एवं पूर्व सांसद महंत बालक नाथ, विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव, महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव सहित अनेक विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### उपायुक्त व एसडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं



**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर ने दादरी जिला मुख्यालय पर और एसडीएम आशीष सांगवान ने बाढडा उपमंडल में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में क्षेत्र के नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही रिपोर्ट ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। समाधान शिविर इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए आयोजित किए जा रहे हैं ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के

### बेसहारा गोवंश को पिलाया आयुर्वेदिक सत्तू



**भिवानी।** श्रीसनातन संस्कृति में गाय को केवल पशु नहीं, बल्कि माता का दर्जा दिया गया है। शास्त्रों में वर्णित है कि गौवंश की निःस्वार्थ सेवा करना साक्षात ईश्वर की आराधना करने के समान है। इसी सेवामयी सोच को चरितार्थ करते हुए सोमवती अमावस्या पर सोमवार को शहर में अनूठी और प्रेरणादायी मुहिम देखने को मिली। गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार के नेतृत्व में गौसेवकों ने विशेष अभियान चलाकर शहर के अनेक बेसहारा गोवंश को गुड़ और जौ से बना आयुर्वेदिक सत्तू पिलाया। पानी के टैंकर की व्यवस्था हर बार की तरह श्रीगौशाला ट्रस्ट के अध्यक्ष पुरुषोत्तम दास ने की। कार्य का शुभारंभ सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम के पीठाधीश्वर अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी महाराज के सान्निध्य में हुआ। अभियान की शुरूआत बाबा कैलाश गिरी ने हरी झंडी दिखाकर किया।

### विकास योजनाओं की सौगात मिलेगी

**बहल।** 17 जून को सिवानी में खादी रोजगार उत्सव में सीएम नायब सैनी के आगमन पर बहल की लंबित विकास योजनाओं की उम्मीद फिर से बलवती हो गई है। लोगो को उम्मीद है कि खादी संस्थान के उत्सव में बहल कस्बे को विकास योजनाओं की सौगात मिलेगी जिससे लोगों की समस्याओं का निदान संभव हो सकेगा। वैसे तो सिवानी में होने वाला कार्यक्रम खादी संस्थान का है जिसमें खादी विभाग पीएम मोदी के आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूरा करने में अपने योगदान के बारे में बताएगा । लोहारू क्षेत्र में पहली बार सीएम के आगमन को लेकर लोग खासे उत्साहित और आशावान है। लोगों को उम्मीद है कि सीएम के समक्ष पूर्व मंत्री जेपी दलाल बहल को उपमंडल बनाए जाने की पुरजोर मांग रखेंगे और मुख्यमंत्री इसकी स्वीकृति देंगे जिससे बहल कस्बे के विकास को पंख लगेंगे और लोगों की अरसे पुरानी मांग पूरी होगी। लोगों को उम्मीद है कि बहल में बस स्टैंड की टेंडर प्रक्रिया को पूरी करवाकर बस स्टैंड का निर्माण कार्य शुरू करवाने, पातवान रोड पर बस स्टैंड के समीप तहसील कार्यालय का नया भवन बनाने घोषण हो सकती है।

### शकुन्तला-दुष्यन्त सांग का किया मंचन

**भिवानी।** गांव उमरावत स्थित सूर्यकवि पंडित लखमीचंद सांस्कृतिक भवन में म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के तत्वावधान में सोमवार को सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारम्भ वैदिक यज्ञ-हवन एवं महान कवियों की प्रतिमाओं के अनावरण के साथ हुआ। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता रामधन शास्त्री ने बताया कि स्वामी वैदिक देव हरिद्वार द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय एवं संस्कृतिमय हो उठा। कार्यक्रम में सूर्यकवि दादा लखमीचंद परिवार, कवि चंद्रलाल बादी, तत्वज्ञानी चंद्रगौड़ समिति, आजाद कवि मुंशीराम जांडली समिति, महान कवि चंदगीराम सांजरवास कमेटी, महान कवि केदारमल फतेहपूरी कमेटी व महान कवि गुणीसुखीराम कमेटी ने भाग लिया। इस दौरान लोकगायक रणबीर बड़वासनी, अमित समचाना, मुनीगर पावड़ा, अशोक मरीची, धर्मेंद्र मुरलीपुर, जगबीर कारोरिया आदि उपस्थित रहे। समारोह का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध सांगी बाबू दानसिंह चौहान द्वारा प्रस्तुत ऐतिहासिक सांग शकुन्तला-दुष्यन्त रहा। सांग में भारतीय संस्कृति, प्रेम, त्याग, सत्य एवं मर्यादा के आदर्शों को हरियाणवी लोकशैली में जीवंत रूप से प्रस्तुत किया। कलाकारों के अभिनय, संवाद अदायगी और लोकधुनों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें अफसर: एसडीएम

- एसडीएम ने जनसुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के अतिशीघ्र समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में सोमवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर का आयोजन हुआ।शिविर की अध्यक्षता एसडीएम महेश कुमार ने की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए।

एसडीएम के समक्ष सेक्टर-23 निवासी आरडब्लूए के प्रधान महेंद्र सिंह ने दूषित पेयजल, पेयजल सप्लाई की आपूर्ति निर्धारित समय पर करने तथा वाटर पंप हाउस की समय पर सफाई किए जाने की समस्याएं रखी। दलीप सिंह ने घरेलू विवाद में पुलिस कार्रवाई, वैश्य स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा गुप्ता ने घरों में उत्पात मचा रहे बंदरों की समस्या बताई, वार्ड दस से सरला देवी ने स्ट्रीट लाइटें ठीक करवाने व गलियों के गड्ढे भरवाने, संजय कुमार ने पेयजल समस्या, सुरेश कुमार ने खेत में खाल बनवाने, राजवीर कौशिक ने तेज हवाओं से गौशाला के शेड को हुए नुकसान को ठीक करवाने, बलियाली गांव के सरपंच सचिन ने बरसात के आने से पहले तालाबों की सफाई करवाने, बापोड़ा निवासी सुनीता एवं वेद प्रकाश ने सोलर प्लेट पर सब्सिडी दिलवाने, जूई निवासी जिले सिंह ने दिव्यांग पेंशन बनवाने, सेवा नगर कॉलोनी निवासी जयप्रकाश ने पेयजल समस्या, सेक्टर-13 के निवासियों ने बरसाती पानी की निकासी, पार्क की सफाई तथा ग्रिल लगवाने की मांग रखी।

### अवैध कब्जों को हटाने की रखी मांग

शास्त्री नगर निवासी अनिल ने पेयजल समस्या, सीवरेज लीकेज, रास्ते में पड़े बिजली के पोल हटवाने तथा औद्योगिक क्षेत्र में पेयजल समस्या और विभाग द्वारा भेजे गए टैंकर के पानी को बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। रुद्रा कॉलोनी निवासी राजेंद्र ने अवैध कब्जों, तोशाम निवासी जगतसिंह ने शादी करवाकर धोखाधड़ी मामले में पुलिस कार्रवाई तथा थिलोड निवासी भूपेंद्र सिंह ने पंचायत भूमि पर अवैध कब्जे हटवाने, सुशीला देवी ने बारिश से मकान की छत क्षतिग्रस्त होने पर मुआवजा, हरिराम ने बामला माइनर की सफाई तथा रीतू रानी ने तूफान से क्षतिग्रस्त हुई सोलर प्लेटों की मरम्मत करवाने की मांग की। सोनू, रामपत तथा सज्जन ने परिवार पहचान-पत्र में आय कम करवाने संबंधी समस्याएं एसडीएम के समक्ष रखी। एसडीएम महेश कुमार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी शिकायतों का नियमानुसार एवं समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएमसी हरबीर सिंह, डीडीपीओ सोमवीर कादयान सहित गैर सरकारी सदस्य व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### संत कबीर साहेब प्रकट दिवस समारोह को लेकर लोगों में उत्साह

**भिवानी।** नया बाजार स्थित धर्मशाला में राज्य स्तरीय संत शिरोमणि कबीरदास साहेब जयंती समारोह को लेकर प्रचार ड्यूटी के लिए महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक में समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया और जयंती समारोह के निमंत्रण अभियान की रूपरेखा तैयार की, जिसकी अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला महामंत्री रमेश पचेरवाल ने बताया कि 29 जून को सुबह 10 बजे से नई अनाजमंडी भिवानी में राज्य स्तरीय संत कबीर जयंती समारोह मनाया जाएगा। समारोह में मुख्यतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, राज्य सूचना आयुक्त अमरजीत सोलंकी विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद सिरसा सुनीता दुग्गल शिरकत करेंगी। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री, सांसद, विधायक और पूर्व सांसद भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।



**भिवानी।** एकत्रित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए।

# नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का होगा स्वागत : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता के 19 जून को प्रथम भिवानी आगमन को लेकर सोमवार को स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में विशेष संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र कौशिक ने की।

इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नेताओं ने एकजुटता और भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया।र बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र कौशिक ने तैयारियों की रूपरेखा सामने रखी। उन्होंने कहा कि छोटी काशी भिवानी की पावन धरती पर नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का ऐसा भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा जो मिसाल बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी नई प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत को लेकर बेहद उत्साहित है। 19 जून को होने वाले इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की अधिकाधिक भागीदारी यह साबित करेगी कि हमारा संगठन धरातल पर कितना मजबूत है।

### साधकों ने सीखीं आसन प्राणायाम की बारीकियां

**भिवानी।** हुडा पार्क में 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में महर्षि कपिल मुनि योगपीठ ट्रस्ट द्वारा योग चिकित्सा शिविर शुरू किया। शिविर के आयोजक आचार्य दयाल सागर ने बताया कि मनुष्य के स्वस्थ जीवन में योग का विशेष महत्व हैं। वर्तमान युग में इसका महत्व और भी बढ़ जाता है।

उन्होंने यम-नियम से लेकर आसन-प्राणायाम के विशेष महत्व के बारे में बारीकि से बताया। उन्होंने कहा कि भस्त्रिका व अनुलोम विलोम प्राणायाम शरीर की सभी नस-नाड़ियों को खोल देते हैं, जिससे शरीर में ऑक्सीजन तथा रक्त का संचार सुचारू रूप से होने लगता है, जिससे व्यक्ति बीमारियों से छूटकर स्वस्थ हो जाता है।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कर्मचारी हित में कार्य करने का लिया संकल्प

# विकास चेयरमैन व प्रवीण यूनियन के प्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बड़चौक स्थित सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में सोमवार को ऑल हरियाणा सिंचाई विभाग फील्ड कर्मचारी यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ का वार्षिक चुनाव यूनियन के स्टेट ब्रांच सचिव सतीश कुमार की अध्यक्षता एवं एसकेएस के जिला प्रधान मास्टर सुमेर सिंह आर्य की देखरेख में संपन्न हुआ। चुनाव से पूर्व यूनियन के सभी सदस्यों से विचार विमर्श करके चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न करवाया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान यूनियन के राज्य के सहसचिव अंकित सिंधु व पानीपत जिला प्रधान नंदलाल वर्मा ने भी मौजूद रहे। चुनाव में सर्वसम्मति से निर्वाचित पदाधिकारियों को अतिथियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई और कर्मचारी हित में कार्य करने का आह्वान किया। चुनाव में विकास मान को सर्वसम्मति से ऑल हरियाणा सिंचाई विभाग फील्ड कर्मचारी यूनियन का चेयरमैन व प्रवीण कुमार को जिला प्रधान चुना। इसी प्रकार अशोक कुमार व रविता को यूनियन का उपप्रधान, ललित शर्मा को वरिष्ठ उपप्रधान, मनोज सिंह को सचिव, बजरंग शर्मा को कोषाध्यक्ष, नवीन को संगठन सचिव, नवीन कुड़लबास को सहसचिव, जितेंद्र वालिया को प्रेस सचिव, सुनील कुमार को ऑडिटर, मोंटी चौहान को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया।




**भिवानी।** पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

### पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

चुनाव के बाद एसकेएस के जिला प्रधान मास्टर सुमेर सिंह आर्य, यूनियन के स्टेट ब्रांच सचिव सतीश कुमार, राज्य सहसचिव अंकित सिंधु व पानीपत के जिला प्रधान नंदलाल वर्मा ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। इस मौके पर जितेंद्र कुमार, कंवरलाल, संजय, राकेश, दिनेश, रघुबीर, पवन, बलवान, जयबीर, प्रवीन कुमार, नरेंद्र, देवेंद्र फौजी आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नशे के खिलाफ यात्रा निकालेंगे : सांगवान

**बाढड़ा।** संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव दलीप सिंह सांगवान ने बताया की जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा लिए गए फौसलें एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला प्रधान सुशील धानक की अध्यक्षता में दलीप सिंह सांगवान द्वारा दादरी जिला में नशा मुक्ति संदेश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव दलीप सिंह सांगवान ने कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर 17 जून को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी जितेंद्र बघेल द्वारा दादरी की बाल्मीकि बस्ती से हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया जाएगा।

### पंचायत भवन में जन कल्याण शिविर 16 को

**भिवानी।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गौरवशाली 12 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में स्थानीय पंचायत भवन में 16 जून को सुबह 9 बजे जनकल्याण शिविर, प्रबुद्धजन समावेशी बैठक एवं विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। नगराधीश अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, शहरी स्थानीय निकाय, क्रीड, समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, बिजली निगम, जिला परिषद, रोजगार विभाग द्वारा हेल्प डेस्क लगाया जाएगा।

### 21 जून को शिक्षा मंत्री आवास पर होगा धरना

**भिवानी।** हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन (रजि. नं. 492, संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने प्रदेश सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। यूनियन के आह्वान पर 21 जून को पानीपत स्थित शिक्षा मंत्री हरियाणा के आवास परधरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य पिछले कई वर्षों से उपेक्षित पड़े चतुर्थ श्रेणी (गुरप डी) और कच्चे कर्मचारियों की मांगों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखना है। हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की बैठक सोमवार को स्थानीय बड़ चौक स्थित सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में आयोजित हुई।

### गर्मी व उमस से मिला छुटकारा, मौसम का बदला मिजाज हुआ सुहावना

# अंधड़ से बिजली सप्लाई अटकी-वाहनों के रुके कदम, बारिश ने तोड़ा पारे का गुरुर

**दोपहर बाद आई बारिश व आंधी से गिरे बिजली के तार व पेड़**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी/बहल

सोमवार को दोपहर बाद आई तेज आंधी से अनेक जगहों पर बिजली के तारों व सड़कों पर टूट कर पेड़ गिर गए। जिस वजह से इलाके की बिजली की सप्लाई पूरी तरह से बाधित हो गई। कई घंटों तक लोगों को बिजली के दर्शन नहीं हुए। साथ ही सड़क पर पेड़ गिरने से वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा। हालांकि कई जगहों पर जेसीबी मशीन की मदद से टूटे हुए पेड़ों को हटाकर यातायात को बहाल किया। सबसे ज्यादा खराब स्थिति रेतीले इलाकों में बनी रही। चूंकि वहां पर हलके हवा के झौंके से ही पेड़ जड़ सहित उखड़कर सड़क व बिजली के तारों पर आ गिरे। अंधड़ से लोगों को अच्छी खासी परेशानी झेलनी पड़ी। समाचार लिखे जाने तक बारिश रूकने के बाद भी कई इलाकों की बिजली की सप्लाई बहाल नहीं हो पाई थी। करीब एक बजे के आसपास अचानक धूल भरी आंधी चलनी शुरू हो गई। अंधड़ की वजह से आसमान में रेत चढ गया और काली घटाओं की वजह से दिन में रात जैसा नजारा नजर आने लगा। वाहन चालक लाइटें जलाकर गंतव्य की ओर जाने लगे। धूल भरी आंधी वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन गई। करीब आधे घंटे के बाद अंधड़ की गति पर थोड़ा सा ब्रेक लगा तो काली घटाओं ने पानी बरसाना शुरू कर दिया। करीब आधे घंटे तक रूक रूक कर हलकी कभी तेज बारिश होती रही। हलकी बारिश से पारा भी लूढक कर 35 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। लोगों को हलकी बूंदाबांदी से गर्मी व उमस से राहत मिली।






**भिवानी।** हलकी बारिश के बीच गुजरती महिलाएं व बारिश से पहले धूल भरे अंधड़ का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

### सड़क पर पेड़ गिरने से यातायात बाधित, राहगीर हुए परेशान

बहल इलाके में आंधी से सड़क किनारे खड़े पेड़ सड़क पर जा गिरे। पेड़ सड़क के बीच गिरने से आवागमन बाधित हो गया और वाहन चालकों को खेतों के रास्तों से गुजरना पड़ा। जगह जगह पर बिजली लाइन के पोल जा गिरे जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। हालांकि, आंधी के बाद आई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। सूचना मिलने के बाद भी वन विभाग द्वारा सड़क किनारे पड़े पेड़ो को नहीं उठाया गया और लोगों को भारी परेशानी हुई। पेड़ो के साथ गुजरती बिजली की तारे भी टूट गई जिससे अनेक फीडरों से जुड़ी बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई। आंधी के बाद आई तेज बारिश से लोगों को दो दिन से बनी गर्मी और उमस से निजात मिली। वही, निचाई वाले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति भी बनी जो लोगों के लिए दिक्कत बनी। बिजली निगम के अधिकारियों ने बताया कि आंधी से पोल गिरने की सूचना मिली है और निगम की टीमें प्रभावित जगहों पर गई है लेकिन कितना नुकसान हुआ जिसका अनुमान मौके की जांच के बाद ही पता चलेगा।



**बहल।** बहल भिवानी मार्ग पर आंधी से टूट कर सड़क पर गिरा पेड़। *फोटो : हरिभूमि*

# योग स्वस्थ व संतुलित जीवन जीने का जनआंदोलनः अनिल



**भिवानी।** योग मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नगराधीश अनिल कुमार ने भीम स्टेडियम से योग मैराथन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को भीम स्टेडियम में योग मैराथन का आयोजन किया गया। नगराधीश अनिल कुमार ने योग मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन में हजारों की संख्या में युवाओं और खिलाड़ियों ने भाग लिया। नगराधीश ने बताया कि हर घर योग हर दिन योग थीम पर आयोजित इस मैराथन का उद्देश्य आमजन को योग के प्रति जागरूक करना, नशे से दूर रहना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य विरासत है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाता है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने का जनआंदोलन है। उन्होंने युवाओं से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर घर योग हर दिन योग की भावना के साथ प्रत्येक नागरिक को नियमित योगाभ्यास अपनाना चाहिए, ताकि स्वस्थ, जागरूक और सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प साकार हो सके।

**पंजीकरण का आह्वान**

उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक पंजीकरण करवाने का आह्वान किया। इसके साथ ही युवाओं एवं आमजन से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने की अपील भी की। योग मैराथन में सैकड़ों युवाओं, खिलाड़ियों, विद्यार्थियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मैराथन के दौरान उन्होंने लोगों को नियमित योगाभ्यास के लाभों के बारे में जागरूक किया।



**चरखीदादरी।** ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करती उपायुक्त मनदीप कौर।

### ईवीएम वेयर हाउस का उपायुक्त कौर ने किया औचक निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

**चरखी दादरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयर हाउस में ईवीएम मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव को लेकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी ने निर्देश दिए कि स्टोर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें।उन्होंने बताया कि यह त्रैमासिक प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत जिला के ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम मशीनों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य जिलों में ईवीएम वेयरहाउस की व्यवस्था की जांच करना है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की अनहोनी की संभावना से बचा जा सके।

# छात्राओं ने घूमर, फाग, लूर व धमाल के कठिन स्टेप्स की सीखीं बारीकियां

- कार्यशाला में छात्राओं ने अनुशासन एवं बेहद सहजदा से सीखे नृत्य के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

आधुनिकता और डिजिटल युग की चकाचौंध के बीच युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध संस्कृति, गौरवशाली इतिहास और पारंपरिक जड़ों से जोड़े रखना समय की सबसे बड़ी जरूरत बन गया है, इसी उद्देश्य को साकार करते हुए उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के तत्वावधान में गांव मानहेरू स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में 15 दिवसीय हरियाणवी लोकनृत्य कार्यशाला का सोमवार को समापन हुआ। दो सप्ताह तक चली सांस्कृतिक कार्यशाला में विद्यालय की करीब 100 छात्राओं ने पूरे जोश और उमंग के साथ हिस्सा लिया। समापन पर मुख्यतिथि के रूप में विद्यालय की प्राचार्या कृष्णा कुमारी ने शिरकत की, जबकि अध्यक्षता डीपीई दयानन्द ने की। शिविर में लोकनृत्य और कला क्षेत्र के जाने-माने विशेषज्ञ अनूप कुमार ने मुख्य प्रशिक्षक के तौर पर छात्राओं की प्रतिभा को तराशने का काम किया।



**भिवानी।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

## न्यूज डायरी



### योग मैराथन में जोश एवं उत्साह के साथ दौड़े लोग

**चरखी दादरी।** दादरी में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को जिला स्तरीय योग मैराथन में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग, स्वास्थ्य और नशामुक्ति के संदेश को लेकर निकाली मैराथन में युवाओं, विद्यार्थियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा आमजन ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि उपायुक्त मनदीप कौर ने रोज गार्डन से योग मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है।



### स्मार्ट मीटर के विरोध में उतरे किसान संगठन

**बाढड़ा।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन की अहम बैठक आयोजित कर किसानों की लंबित मांगों को लेकर मंथन किया गया तथा सरकार से कृषि क्षेत्र में स्मार्ट मीटर योजना लागू न करने, भारत अमेरिका व्यापार समझौते को वापस लेने, लंबित ट्यूबवैल कनेक्षन जारी करने सहित अन्य मांगों का समाधान करने की मांग की। कस्बे के जुई रोड़ स्थित सर छोटूराम किसान भवन में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेता मास्टर रघबीर सिंह काकड़ौली ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार कृषि व्यवस्था को कमजोर करने में जुटी है जो असहनीय है।

### शीला देवी बनी स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ की जिला प्रधान

**भिवानी।** स्वास्थ्य स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ हरियाणा की जिला इकाई भिवानी का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ, जिसमें शीला देवी स्वास्थ्य निरीक्षक बीरन को जिला प्रधान, रामकुमार स्वास्थ्य निरीक्षक पीएचसी ओबरा, लोहारू को जिला महासचिव, जगदीश प्रसाद स्वास्थ्य निरीक्षक सिविल सर्जन कार्यालय को प्रेस सचिव तथा करमसिंह स्वास्थ्य निरीक्षक सीएचसी मानेहरू को जिला कैशियर चुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीनियर मलेरिया इंस्पेक्टर राजवीर सिंह तथा हरीनिवास स्वास्थ्य निरीक्षक पूर्व राज्य महासचिव एमपीएचई एसोसिएशन रहे।

### मतदाता पुनरीक्षण कार्य की जागरूकता के लिए जिले के सभी गांवों में होंगी ग्राम सभाएंः डीसी

**भिवानी।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुनरीक्षण कार्य को प्रभावी ढंग से संपन्न करवाने के लिए विभिन्न विभागों जरूरी निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गुप्ता ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नगर परिषद एवं नगर पालिका पार्षदों की बैठकें आयोजित कर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में जागरूकता करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया को निर्देश दिए कि स्कूलों में जागरूकता क्लब गठित किए जाएं तथा कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को इस अभियान से जोड़ा जाए, ताकि वे अपने अभिभावकों को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने के लिए प्रेरित कर सकें।



**भिवानी।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

### जिला कारागार में शिविर में लाडो एक नई पहल संगठन ने किया 22 यूनिट रक्तदान

**भिवानी।** भिवानी जेल प्रशासन एवं नागरिक अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में जिला कारागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया,। इसी क्रम में लाडो एक नई पहल संगठन ने पूरी टीम के साथ शिविर में सहभागिता निभाते हुए 22 यूनिट रक्तदान कर समाजसेवा का परिचय दिया। संगठन अध्यक्ष अमरदीप लाडवाल ने कहा कि रक्तदान केवल सेवा नहीं, बल्कि मानवता के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। अमरदीप ने कहा कि समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए, ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। लाडो एक नई पहल संगठन सामाजिक सरोकारों के साथ-साथ बहन-बेटियों और महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं न्याय से जुड़े हर मुद्दे पर मजबूती से अपनी आवाज उठाता रहा है।

### कराटे स्पर्धा में विधायक कपूर वाल्मीकि ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा विधायक कपूर वाल्मीकि द्वारा बेस्ट ऑफ बेस्ट ऑपन कराटे चैंपियनशिप 2026 में मार्केट कमेटी प्रधान राजेन्द्र उर्फ राजू हंस संग पहुंचकर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दिया। विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि कराटे जैसे खेल युवाओं में आत्मविश्वास, साहस, अनुशासन एवं आत्मरक्षा के गुण विकसित करते हैं। खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा आयोजक मंडल को इस सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



**बवानीखेड़ा।** खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए विधायक कपूर वाल्मीकि।

हरिभूमि

**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### जिला अस्पताल में महिलाओं व सहयोगी संस्थाओं को किया सम्मानित

# रक्तदान मानव सेवा का सबसे बड़ा संकल्पः डॉ. शांडिल्य

**राजेश डुडेजा ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर किया नाम रोशन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे विशेष पखवाड़े के तहत सोमवार को चौधरी नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में प्रेरणादायक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम का सफल संयोजन ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. हर्ष ने किया। समारोह के दौरान समाज में नियमित रक्तदान को बढ़ावा देने वाले 18 वर्ष के नवयुवाओं, महिला रक्तदाताओं और अग्रणी सामाजिक संस्थाओं को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। राजेश डुडेजा ने राष्ट्रीय स्तर पर रक्तदान के क्षेत्र में हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर प्रदेश का नाम रोशन किया है, जिसकी स्वास्थ्य विभाग द्वारा जमकर सराहना की। सीएमओ ने कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सबसे बड़ा संकल्प है, हमारे समाज में जब 18 वर्ष के युवा अपने जीवन की शुरुआत रक्तदान जैसे पुनीत कार्य से करते हैं, तो देश का भविष्य सुरक्षित नजर आता है। वहीं ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. हर्ष ने कहा कि ब्लड सेंटर भिवानी हमेशा से मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। मंच संचालन नर्सिंग अधिकारी सुभाष ने किया।



**भिवानी।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते सिविल सर्जन डॉ. रघुबीर शांडिल्य।

**महिला सशक्तिकरण पर पेश की मिसाल**

समारोह में नंदनी, पूनम, अंजू, सुदेश, शर्मिला अहलावत और सीमा देवी जैसी जुझारू महिलाओं को सम्मानित किया, जिन्होंने समाज में महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता की अनूठी मिसाल पेश की है। वहीं युवा अंकित, आसिफ, साहिल, श्रेयस, आकाश और निशांत को देश के जिम्मेदार नागरिक के रूप में सम्मानित किया। इसके अलावा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों में प्रोफेसर अंजू बल्हारा, संजय कामरा, राजेश डुडेजा, संदीप, पवन मास्टर, श्यामसुंदर सांगवान, मनीष वर्मा,मुकेश दलाल, अशोक गोयत, मोनू व भूपेंद्र ग्रेवाल को उनके उत्कृष्ट सहयोग के लिए विशेष रूप से सराहा। इस मोके पर डॉ. रोहित महला ने सभी आयोजकों व रक्तदाताओं का आभार जताया।

### 18 को पानीपत में एकत्र होंगे ग्रामीण चौकीदार

**भिवानी।** ग्रामीण चौकीदार 18 जून को पानीपत में होने वाले कन्वेशन में बड़े आन्दोलन की योजना बनाएंगे, ये निर्णय सीटू कार्यालय में सम्पंन ग्रामीण चौकीदार सभा की जिला कमेटी की मीटिंग में लिया। मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान संजीत सिंह ने की व संचालन यूनियन नेता रामफल व विनोद ने किया। ग्रामीण चौकीदार गांव में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुचाने का कार्य करते हैं तथा 24 घण्टे अपनी सेवा देते हैं। संजीत ने कहा कि वर्तमान में चौकीदारों को 11 हजार मासिक मानदेय दिया जा रहा है, जिससे परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल हैं। उन्होंने बताया कि बढ़ती हुई महंगाई में वेतन वृद्धि सहित विभिन्न मांगों को लेकर कई बार सरकार को ज्ञापन दिया।